8. लम्बी कविता का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके शिल्प पर विचार कीजिए।

9. हरिवंश राय बच्चन के व्यक्तित्व व कृतित्व का वर्णन कीजिए।

खण्ड—स **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

10. आधुनिक काव्य की पृष्ठभूमि का सविस्तार विवेचन कीजिए।

11. 'दो चट्टानें' कविता के शिल्प पक्ष का व्यापक विश्लेषण कीजिए।

12. 'कुआनो नदी' कविता के अभिव्यंजना पक्ष की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

13. सुमित्रानंदन पंत की काव्य यात्रा का वर्णन कीजिए।

HD–05

December – Examination 2022

B.A. (Part III) Examination

HINDI LITERATURE

आधुनिक काव्य

Paper : HD-05

*Time : **3** Hours]* *[Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) किन्हीं **चार** लम्बी कविताओं के नाम लिखिए।

   (ii) आचार्य शुक्ल ने आधुनिक काल को क्या नाम दिया था ?

(iii) आधुनिक काल में कविता की भाषा कौनसी थी ?

(iv) मुक्तिबोध का पूरा नाम लिखिए।

(v) 'परिवर्तन' शीर्षक कविता के लेखक का नाम लिखिए।

(vi) किसी एक प्रसिद्ध शोकगीत का नाम लिखिए।

(vii) मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित **दो** खण्डकाव्यों के नाम लिखिए।

खण्ड—ब 4×7=28

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अभी तो मुकुट बँधा था माथ,
हुए कल ही हल्दी के हाथ,
खुले भी न थे लाज के बोल,
खिले भी चुंबन शून्य कपोल
हाय रुक गया यहीं संसार
  बना सिंदूर अंगार!

3. 'परिवर्तन' कविता में वर्तमान के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त हुआ है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

शहर के उस ओर खंडहर की तरफ़
परित्यक्त सूनी बावड़ी
के भीतरी
ठण्डे अंधेरे में
बसी गहराइयाँ जल की ....
सीढ़ियाँ डूबी अनेकों
उस पुराने घिरे पानी में ....
समझ में आ न सकता हो
कि जैसे बात का आधार
लेकिन बात गहरी हो।

5. 'दो चट्टानें' कविता का मूल कथ्य अपने शब्दों में लिखिए।

6. प्रवाद पर्व का अनुभूति पक्ष स्पष्ट कीजिए।

7. खण्डकाव्य की विशेषताओं को लिखिए।